Regarding Need to provide stoppage of various trains at Bharuch and Ankleshwar Railway Stations in Gujarat-Laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच) : मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच का अंकलेश्वर औद्योगिक क्षेत्र एशिया में सबसे विशाल औद्योगिक क्षेत्र है, जहां पर देश के विभिन्न प्रातों के लोग कार्यरत हैं । राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों को अपने पैतृक राज्यों में जाने के लिए बड़ौदा या सूरत जाना पड़ता है क्योंकि राजस्थान, बिहार तथा उत्तर प्रदेश के लिए रेल सेवाएं इन्हीं स्टेशनों पर उपलब्ध है । राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश को जाने वाली रेलगाड़ियां मेरे ससदीय क्षेत्र भरुच तथा अकलेश्वर से होकर जाती हैं परंतु इन स्टेशनों पर कुछ ही गाड़िया रुकती हैं, बाकी नहीं रुकती । जिनके कारण इन लोगों को दिक्कत उठानी पड़ती है । अगर राजस्थान से आने वाली सूर्या नगरी एक्सप्रेस, अजमेर बंगलौर एक्सप्रेस एवं राणेकपुर एक्सप्रेस को तथा उत्तर प्रदेश और बिहार से आने वाली प्रमुख रेल सेवाओं में कुछ को अंकलेश्वर एवं कुछ को भरुच रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिया जाए तो यहां के हजारों लोगों को आने जाने में सुविधा मिलेगी । इस संबंध में मेरा सरकार से आग्रह है कि भरूच एवं अकलेश्वर रेलवे स्टेशनों पर राजस्थान, बिहार एवं उत्तर प्रदेश से आने वाली निम्न रेल गाड़ियों जैसे-पालेज में ठहराव हेतु गाड़ी से 12995 बांद्रा अजमेर एक्सपेस, भरुच में ठहराव हेतुः ट्रेन सं. 20301/20302, वंदे भारत मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर कैपिटल एक्सप्रेस, ट्रेन सं. 12979/12980, जयपुर-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, ट्रेन सं 19053/19054, सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, ट्रेन सं. 12993/12994, गाँधीधामश्री एक्प्रसेस-भरूच, ट्रेन सं. 12995/12996, बांद्रा अजमेर एक्सप्रेस को ठहराव दिया जाए ।